राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 20.00 संख्या 24
आत्मा के चोर
एक आकर्षक स्टीकर मुफ्त
सुपर कमांडो ध्रुव
A PRATAP MULICK

आत्मा के चोर

सुपर कमांडो ध्रुव

कथा एवं चित्र. अनुपम सिन्हा. संपादन. मनीष गुप्ता.

अंधेरे की चादर से ढका हुआ राजनगर का समुद्र तट-
यहां पर कब, कुछ डूबता है-
और कब कुछ निकलता है, इस पर नजर रख पाना असंभव नहीं तो मुश्किल जरूर है।
छपाक
पर नजरें तो हर जगह मौजूद रहती हैं।
गोलची, वो देख!
कौन निकला है पानी में से ?
जरूर कोई स्मगलर होगा! माल होगा इसके पास!
देख! इसका ओवर कोट कितना फूला हुआ है।
हम तो यहां पर सिर्फ लाश ठिकाने लगाने आए थे! पर यहां तो लॉटरी लग गई यार!
अब इसका माल हमारे कब्जे में होगा।
समुद्री लहरों और हवाओं के शोर के बीच में, उस आकृति को किसी के आने की आहट नहीं लगी—
रुक जाओ, डियर!
इतना भार लेकर चलोगे तो थक जाओगे।
लाओ! स्मगलिंग का माल हमको पकड़ा दो।

वह आकृति पीछे घूमी...
और दोनों लुटेरों की आंखें कटोरों से बाहर उबल पड़ीं-
जाने क्या देखा उनकी आंखों ने ?

एक आवाज खरखराई-
गन्दी आत्माएं!
दूसरों का धन लूटने वाली आत्माएं।
गन्दी आत्माओं को इन शरीरों से आजाद करना ही पड़ेगा।
क्या मतलब था इन बातों का ?

पर मतलब समझने का न तो दिमाग था, दोनों लुटेरों के पास-
आई
..और न ही समय-

अब घटनास्थल पर थीं तीन लाशें...
...और कुछ अजीबो-गरीब पैरों के निशान।

राजनगर हर समय कुछ न कुछ हलचल से आबाद रहता है।
कभी स्पोर्ट्स मीट -
कभी अंतर्राष्ट्रीय मीटिंग -
और कभी - कभी न भुलाए जा सकने वाले म्यूजिक शोज।
SIKEL SAXSON SHOW
I'VE EYES IN
स्थानः लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम -
और म्यूजिक शो पेश करने जा रहा है - दुनिया का नंबर वन पॉप सिंगर।
सायकल सैक्सन
सायकल सैक्सन
I ♥ SIKEL
I'M A SAXON FAN
सांय
शो शुरू हो गया -
सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मी यह आनन्द छोड़ना नहीं चाहते थे।

चाहे दुनिया छूट जाए।
धड़ाक्!
संभल कर, लॉयल! यह किलर लीग का अब तक का सबसे बड़ा आप्रेशन है।
एक हल्की सी चूक से हमारे हाथ से बीस करोड़ का आसामी निकल जाएगा।
स्टेज की आड़ में हो रहे इस खेल को कोई नहीं देख रहा था।
एक-एक करके सुरक्षाकर्मी धराशायी हो रहे थे।
और स्टेज के ऊपर साइकल सैक्सन का शो जोर पकड़ रहा था।
तड़!
पर शो—
बीच में ही खत्म हो गया—

सभी सन्नाटे में आ गए।
धुन पर थिरकते पैर खामोश हो गए।
ताड़ EL S टेरियं
और इससे पहले कि कोई कुछ हरकत कर पाता -
एक साल में अरबों रुपए कमाने वाला मुर्गा साइकल सेक्सन इस वक्त हमारी स्टेनगन की नाल पर बैठा हुआ है!
इसी स्टेज के नीचे।
और किसी की भी एक हरकत उसकी खोपड़ी में धमाका कर देगी!
पूरे शहर में खबर बिजली की तरह दौड़ गई।
इतनी सुरक्षा के बावजूद यह कैसे हुआ?
COMMISIONER POLICE
पता नहीं सर!
लेकिन हमने स्टेडियम खाली करा लिया है!
अपहरण कर्ताओं ने फिरौती में बीस करोड़ रुपए और एक हैलीकॉप्टर की मांग की है।
सायकल सैक्सन का मैनेजर तो पैसे देने पर राजी भी हो गया है।
पर हमने उसको रोक रखा है, क्योंकि ऐसा करने से पूरी दुनिया में हमारी जबरदस्त बदनामी होगी।
मैनेजर अभी कहां पर है?
वह भी स्टेडियम में ही है।
अभी फिलहाल क्या पोजीशन है?
डी. आई. जी. अपनी पूरी फोर्स के साथ घटनास्थल पर मौजूद हैं। और वे स्थिति जल्दी ही संभाल लेंगे!
वह कैसे? गिल कोई जादू जानते हैं क्या?
हां सर! गिल के पास एक जादू तो है...
... और उस जादू का नाम है...

सुपर कमांडो ध्रुव -
अपहरणकर्ताओं ने हमको सिर्फ दो घंटे का समय दिया है।
आप उनको बातों में उलझाने की कोशिश कीजिए...
इसी बीच मैं कुछ रास्ता निकालता हूं।
और यह भी धमकी दी है कि अगर मैदान के अंदर एक भी सिपाही नजर आया...
...तो उसी वक्त सायकल सैक्सन लाश में बदल जाएगा।
सायकल को स्टेज पर बुलाओ।
हर्गिज नहीं! सायकल किसी भी कीमत पर ऊपर नहीं आएगा।
और फिर-
हैलो! मैं डी॰ आई॰ जी॰ पुलिस बोल रहा हूं!
पैसा और हैलीकॉप्टर दोनों तैयार हैं!
RAJ COMICS
लेकिन उससे पहले मैं सायकल सैक्सन से बात करना चाहता हूं।
ताकि मुझे मालूम चल सके कि वह ठीक है!
कोई और रास्ता निकालो!
ठीक है।
हम इस स्पीकर में अपने माइक्रोफोन का तार जोड़ देते हैं! साथ में एक दूसरा माइक्रोफोन भी लगा देंगे।
कुछ ही देर में-
बड़ा भारी है, यार।
सायकल सैक्सन का एक-एक स्पीकर हजारों वॉट का होता है।
RAJ COMICS
इसको सैक्सन तक पहुंचा दो।
ठीक है, स्पीकर वहीं पर रख दो!
हम उसको वहां से ले आएंगे!
उसमें फूल नहीं भरे होते, मेरे बेटे!

लो, हैलीकॉप्टर भी आ गया!
यानि डी॰आई॰जी॰ सही लाइन पर जा रहा है।
स्पीकर अंदर पहुंच गया-
हैलीकॉप्टर आ गया है, मास्टर!
यानि पुलिस हथियार डाल रही है! मैं अभी डी॰ आई॰ जी॰ से पैसों के बारे में बात करता हूं।
हमारी मियाद पूरी होने में सिर्फ आधा घंटा और बचा है!
पर पैसे अभी तक हमारे पास नहीं पहुंचे! पैसे कहां हैं?
पैसे तुमको तभी मिलेंगे, जब तुम सायकल सैक्सन को छोड़ दोगे!
इस हाथ ले उस हाथ दे!
य... ये आवाज डी॰ आई॰ जी॰ की तो नहीं है!
और यह ट्रांसमीटर से होकर आने वाली यांत्रिक आवाज भी नहीं है! पर... पर ऐसा कैसे?
क्योंकि यह आवाज...
... ट्रांसमीटर से होकर नहीं आ रही है!
कड़ड़ड़
सुपर कमांडो ध्रुव!
धोखा

धोखा! हमारे साथ धोखा!
मैं इस कमीने को अभी गोली मार देता हूं!
लेकिन ट्रिगर दब पाने से पहले ही...
...ध्रुव नाम की बिजली कौंधी–
भाड़.
और स्टेज के नीचे एक नए किस्म का ब्रेक डांस शुरू हो गया!
जिस्में जबड़े "ब्रेक" हो रहे थे–
कड़ाक
पसलियां "क्रैक" हो रही थीं।
कड़ड़ड़.

और हड्डियां "कीर्तन" कर रही थीं।
ताड़
सारे जूनियर गुंडे धराशायी हो चुके थे!
बचा था - तो सिर्फ मास्टर।
अब मुझे बताओ! इतनी सुरक्षा के बावजूद तुम अंदर कैसे घुस आए?
किसने की तुम्हारी मदद?
पर ध्रुव को जवाब नहीं मिल सका -
धड़ाक
लॉयन के रहते "किलरलीग" कभी पुलिस के कब्जे में नहीं आ सकता!
खटाक
यह तो मार्शल आर्ट की सभी कलाओं का उस्ताद लग रहा है!
इसका एक हल्का सा वार भी मेरी गर्दन तोड़ सकता है!
इतना फुर्तीला दुश्मन मुझे आज तक नहीं मिला!
इसको हराना, लोहे के चने चबाने जैसा है!

सायकल सैक्सपन इतनी देर में सारी बंदूकें जमा कर चुका था-
रुक जाओ!
वर्ना भून कर रख दूंगा! मुझे नाचने के अलावा बंदूक चलाना भी आता है!
अगले ही पल-गोलियों की तड़-तड़ाहट से वातावरण गूंज उठा-
सैक्सपन, बचो!
तड़ तड़ तड़ तड़ तड़
लेकिन स्टेज के ऊपर-
ये लोग स्पीकर पहुंचाकर अब तक ऊपर क्यों नहीं... ओह!
तो ये बात है!
मास्टर को इसी मौके की तलाश थी।
भागो!
हमारा मिशन फेल हो चुका है!

गुंडों के बाहर निकलते ही दरवाजा एक झटके से बन्द हो गया।
भ ड़ा क
दरवाजा तोड़ने में ध्रुव को कुछ सैकेण्ड का समय लगा-
कड़ड़ड़
लेकिन-
ओह! वे हैलीकॉप्टर में भाग निकले!
मेरा आइडिया मुझी पर भारी पड़ गया! डैम इट!
और फिर-
कमाल कर दिया तुमने ध्रुव!
तुम्हारा स्पीकर में घुसकर अपहरणकर्ताओं तक पहुंचने का आइडिया उनको बहुत महंगा पड़ा!
लेकिन मुझे बहुत सस्ता पड़ा!
बीस करोड़ जो बच गए। क्यों मैनेजर साहब?
आपकी जान की कीमत पैसों से नहीं आंकी जा सकती है, सर!
V.I.P. EXIT
खैर! शो तो चौपट हो ही गया!
वैसे मेरे "सिक्योरिटी चीफ" बनने के बारे में तुम्हारा क्या ख्याल है, ध्रुव?
वाह! यह एक डांसर-सिंगर है!
यह मेरे लिए बेशकीमती साबित होगा!

मैंने अपराध से लड़ने का व्रत लिया है, सैक्सन!...
सैक्सन!
सर!
आक्!
और अगले ही पल- ध्रुव ने अपनी जिन्दगी का सबसे आश्चर्यजनक दृश्य देखा-
सायकल! यह क्या?
एक-दो पलों तक वह साया सैक्सन के जिस्म से बाहर निकलने की जी-तोड़ कोशिश करता रहा।
लेकिन निकल नहीं सका!
कैसा लग रहा है, सैक्सन?
ठीक हूं, ध्रुव!
पर अभी ऐसा लग रहा था, जैसे कोई मुझे अपने जिस्म से बाहर खींच रहा हो!
यानि मेरी आंखों को धोखा नहीं हुआ था।!
पर वह साया आखिर था क्या?
सच तो यह है- कि वह साया था-
-सायकल की- आत्मा।
इसकी आत्मा को मेरा यंत्र नहीं खींच सका!
समुद्र के पानी ने मेरे यंत्र में कुछ खराबी पैदा कर दी है!
मुझे अपने यंत्र की बारीकी से जांच करनी होगी!

अगर यह यंत्र खराब हो गया, तो मेरा सारा मिशन फेल हो जाएगा! पर मैं जिंदगी में आज तक नाकामयाब नहीं हुआ!
आज भी नहीं होऊंगा!
और - एक अंजान जगह पर -
मिल गई खराबी!
इस यंत्र की एक "हेलोजन" ट्यूब जल गई है!
ऐसी "ट्यूब" मुझे यहां के 'स्पेस सेन्टर' से मिल सकती है! पर मैं उसे हासिल कैसे करूंगा?
क्योंकि अभी मैं यहां के लोगों की नजर में आना नहीं चाहता!
नाम - टोनी -
अपना असली नाम, यह खुद भी नहीं जानता -
पिर्र पिर्र
आज फिर हाथ उल्टा पड़ गया!
नेकलेस नकली निकला!..
रहने की जगह - आधा साल जेल, और आधे साल, सुनसान और वीरान जगहें!
अब आज की रात तो यहीं पर छिपकर रहना पड़ेगा!
काम - मामूली चोरियां -
- और उसमें भी अकसर हाथ लगती है - नाकामयाबी!
पुलिस भी पीछे पड़ गई!
HOLIDAY RESORTS

हुफ...हुफ! चलो! कुछ देर तो आराम मिला!

यह नेकलेस भी बुरा नहीं है! बीस रुपए का तो बिक ही जाएगा!

कम से कम नाश्ते और दिन के खाने का इंतजाम तो हो...

ठक ठक ठक

क... कौन हो तुम?

चोर की आत्मा!

तूने मेरी सारी मुश्किलें आसान कर दीं।

अब तेरा दिमाग मेरा होगा!

और तेरा शरीर भी मेरा!

लाल आंखों की चमक टोनी के दिमाग को अपने वश में करती चली गई।

अब तुझे कुछ समझने की जरूरत नहीं!

तुझे कहां जाना है, क्या लाना है, और उसे कहां पहुंचाना है, यह मैं तेरे दिमाग में खुद ही भर दूंगा!

सर्र र्र र्र

और जब तक तू मेरा काम पूरा नहीं कर देता...

... तेरे शरीर की रक्षा की जिम्मेदारी मेरी होगी।

इसी दौरान-"किलर लीग" के क्रोध की आग में घी पड़ गया था-
पुलिस के कुत्तों ने जानबूझ कर हैलीकॉप्टर में पेट्रोल कम भरा था!
और मुझे पूरा यकीन है कि वे इस हैलीकॉप्टर का पीछा भी कर रहे होंगे!
अब मैं "जेब्रा" को क्या जवाब दूंगा?
एक बार अपने अड्डे पहुंच जाएं मास्टर, उसके बाद सब ठीक हो जाएगा।
ध्रुव के दिमाग में सवालों की भीड़ बढ़ती जा रही थी।
वह साया आखिर था क्या?
और वह सैक्सन के शरीर से बाहर कैसे निकल रहा था?
और अगर निकल रहा था तो वापस अंदर कैसे चला गया?
NO ENTRY
ID 13027, मेजर रघुबीर! आप अन्दर जा सकते हैं, सर!
थैंक्यू, ऑफीसर!
कड़ी सुरक्षा व्यवस्था से -राजनगर का 'स्पेस सेन्टर' घिरा था-
SPACE RESEARCH CE
NO ENTRY
NO ENTRY
प्रतिबंधित क्षेत्र

मेजर रघुबीर अन्दर शायद पहली बार आए थे !
इसीलिए उनकी नजरें इधर-उधर कुछ ढूंढ़ रही थीं।
ELECT
ELECTRONIC
PROHIBITED AREA
ओह! वह रहा इलैक्ट्रॉनिक कक्ष!
लेकिन-
सॉरी, सर!
ELECTRONIC R
यह प्रतिबंधित क्षेत्र है! आपको यहां प्रवेश करने के लिए जनरल से इजाजत लेनी होगी!
मेरे पास इस मूर्ख को समझाने का वक्त नहीं है।
मेजर का हाथ कब उठा...
...और कब गिरा, यह गॉर्ड समझ ही नहीं पाया!
कड़ाक्
मेजर सधे कदमों से "कक्ष" में जा घुसा-
लेकिन उसी वक्त गेट पर-
ID 13027! मेजर रघुबीर!
पर... पर अभी-अभी तो आप अन्दर गए थे!
क्या बकते हो? मैं तो अभी-अभी हैडक्वार्टर से आ रहा हूं!
तो फिर... वह कौन है?
कौन "कौन" है?

खतरे का अलार्म घनघना उठा-
भेद खुल चुका है! अब इस रूप की मुझे कोई जरूरत नहीं है!
घर्रर्रर्र
क्योंकि मैं हेलोजन ट्यूब उठा चुका हूं!
टोनी अपने असली रूप में आ गया।
वह रहा!
इसने मेजर वाली पोशाक शायद उतार दी है।
टोनी तेजी से बाहर की ओर लपका-
वह भाग रहा है! गोलियां चलाओ!
गोलियां उससे टकरा कर उछली जा रही हैं सर! इस जासूस ने शायद बुलेट प्रूफ पोशाक पहनी हुई है!
तड़ तड़ तड़
पर... पर यह क्या? यह तो रबर की गोली है!
चट
आऊ!
एक गोली मुझसे भी आकर टकराई है!
यानि... उससे टकरा कर लोहे की गोलियां रबर की बन गईं।

टोनी को घेर लिया गया–

आत्मसमर्पण कर दो, मि॰ जासूस!

वर्ना कुत्ते से भी बदतर मौत मारे जाओगे!

उसी पल टोनी का जिस्म हवा में उछल गया!

गोले में बदला!

?

और वह गोला, सैनिकों को हवा में उड़ाता हुआ–

कड़ड़आाक

स्पेस सेंटर से बाहर हो गया!

रेडियो तरंगों पर दौड़ती हुई, यह सनसनीखेज खबर शहर के हर कोने में जा पहुंची।

अटेंशन! अटेंशन!

एक जासूस, स्पेस सेंटर से एक अज्ञात वस्तु लेकर राजनगर की तरफ भागा है!

जासूस गोले की शक्ल में लुढ़कता हुआ भाग रहा है!

उसके पास खतरनाक शक्तियां लगती हैं! उसको सिर्फ घेरने की कोशिश करें!
उसे अकेले रोकना खतरनाक सिद्ध हो सकता है!
स्पेस सेंटर तो पास में ही है!
पर वहां से तो कई रास्ते शहर की तरफ जाते हैं!
वह आखिर किस रास्ते से...
आह
धड़ाम...
यह वही जासूस होगा!
पर यह गेंद की तरह गोल कैसे हो गया?
ध्रुव ने मोटरसाइकिल को फिर से संभाला।
और-मोटरसाइकिल गोले से जा टकराई।
धम्म

लेकिन गोले को कुछ नुकसान होने के बजाय–
इस टक्कर से तो यह गोला और तेजी से लुढ़कने लगा! सामने जाऊंगा तो यह मुझे टक्कर मार कर उछाल देगा!
और पीछे से मैं इसको पकड़ नहीं...
एक मिनट!
ध्रुव को रास्ता दिख गया था!
अरे! अरे!
यह क्या कर रहे हैं?
पर ध्रुव के पास बात सुनने का वक्त नहीं था!
और फिर–
MC'DONALD'S
सांय

अब तू सीधा पुलिस स्टेशन जाकर ही रुकेगा!

घिर्रर्रस्स

ओह! इसने तो मुझे फंसा लिया!

अब इस मुसीबत से बचने का एक ही रास्ता है कि गोले से निकल कर...

जाल को खाक में बदल दिया जाए!

अरे! यह जाल कैसे जल गया?

यह जरूर किसी "मैजिक" स्कूल की पैदाइश है! कोई जादूगर ही ऐसे करिश्मे कर सकता है।

यह तो मेरा पीछा छोड़ने का नाम ही नहीं ले रहा है!

मुझे अपने और इसके बीच में एक दीवार खड़ी करनी होगी!

पर मैंने इसको कम से कम गोले से बाहर तो निकाल ही लिया।

अब यह कहां तक भागेगा?

टोनी ने हाथ उठाकर स्ट्रीट लाइट की रोशनी को छुआ-

और-
आऊ!
इसने बीच में अदृश्य दीवार खड़ी कर दी है।
घड़ाक
ओ माई गॉड!
यह अदृश्य दीवार नहीं है!
इसने रोशनी को ठोस बना दिया है। इसीलिए मैं इसके पार नहीं जा पा रहा हूं।
लेकिन यह दीवार सिर्फ उतनी ही ऊंची है।
जितना ऊंचा यह खंभा!
देखते ही देखते ध्रुव रोशनी की दीवार पार कर चुका था।
यह है क्या चीज? ऐसा करिश्मा तो कोई भी जादूगर नहीं कर सकता!
टोनी बौखला उठा-
?
ओह! इसको तो रोकना मुश्किल हो रहा है!
सामने एक ही सवारी थी।
धाड़
और टोनी ने इस मौके को छोड़ा नहीं।

अपने और ध्रुव के बीच में दूरी बढ़ाने का यही एक रास्ता था।
टोनी के हाथ में आते ही साइकिल के मानों पर लग गए थे।
लेकिन ध्रुव तो चीते के साथ भी दौड़ लगा सकता था।
बीच की दूरी हर पल के साथ कम होती जा रही थी।
आखिरकार-
मैं इसके सामने अपनी शक्तियों को ज्यादा दिखाना नहीं चाहता था! लेकिन इस लड़के ने मुझे मजबूर कर दिया है।
तड़ाक
ध्रुव की आंखों के आगे पलभर के लिए एक तेज रोशनी चमकी।

और ध्रुव की आंखें फटी की फटी रह गईं।
यह क्या? इसकी... इसकी साइकिल एक... एक अत्याधुनिक रॉकेट बाइक में बदल गई।
और... वह भी पलक झपकते!
ओफ्! भाग निकला आखिरकार!
मैं इसको पकड़ता भी तो कैसे?
पर यह अद्भुत शक्तियां इसके पास आईं कहां से?
यह आदमी ही था या...
जूता!
यह तो उसी का जूता है!
और जूते में है... समुद्र की गीली रेत!
यानि वह समुद्र तट से आ रहा था!
यहां से सबसे पास गोनी बीच है!
वैसे भी वहां जाने के अलावा अब और कोई रास्ता नहीं है!
और गोनी बीच पर-
परफेक्ट! अब मेरा यंत्र फिर से काम कर रहा है!
HOLIDAY RESORT
HOLIDAY RESORT
लेकिन इसको चेक तो करना ही पड़ेगा!

और चेक करने के लिए यहां पर तुम्हारे अलावा और कोई नहीं है।
हा हा हा हा हा हा
इसी वक्त- एक अज्ञात स्थान पर-
KOL
तुम मेरा काम नहीं कर पाए!
मैंने तुमको इस कंसाईमेंन्ट के लिए पन्द्रह लाख एडवांस दिए थे!
वह पैसा मुझे वापस चाहिए।
लेकिन वह पैसा तो इस अपहरण की प्लानिंग पर खर्च हो चुका है! हमारे पास इस वक्त इतना पैसा नहीं है, जैड!
" किलरस्नीग " को मैंने यह कांट्रैक्ट, तुम्हारी ज़ुबान पर भरोसा करके दिया था!
तुम अपनी ज़ुबान से फिर रहे हो! काम नहीं तो पैसा नहीं!
ठीक है!
हमको कुछ दिनों की मोहलत दो!
मैं दो दिनों तक इस शहर में और रहूंगा!
तब तक पैसों का इंतजाम हो गया तो ठीक है...
... वर्ना यह पैसा मैं तुम्हारे मांटो कार्लो के हैडक्वार्टर से ले लूंगा।

उधर- पुलिस फोर्स ने "गोनीबीच" को घेर लिया था।
ये उसी के पैरों के निशान हैं, इंस्पेक्टर साहब!
एक जूते का निशान और एक बगैर जूते का!
ये निशान तो उस "हॉलीडे रिसोर्ट" की तरफ जा रहे हैं।
वह रहा! उस रिसोर्ट में देखो!
ओह!
दरवाजे से लटकती टांगें दूर से भी साफ दिख रही थीं।
यह मर चुका है!
लेकिन... लेकिन यह तो टोनी है। एक मामूली चोर!
अभी दो दिन पहले ही जेल से छूट कर आया था।
क्या?
फिर वे आश्चर्यजनक शक्तियां इसके पास कहां से आईं?
इंस्पेक्टर के पास इस बात का कोई जवाब नहीं था।

और फिर-
टोनी की तलाशी में हम को कुछ भी नहीं मिला ध्रुव।
यानि उसने स्पेस सेंटर से जो कुछ भी चुराया, उसे अपने किसी साथी को दे दिया।
और उसका वह साथी पहले से ही उस हॉलीडे रिसोर्ट में मौजूद था!
फिलहाल तो यही लग रहा है।
खैर! सायकल सैक्सन के क्या हाल हैं?
ठीक है। लेकिन वह इस अपहरणकांड से घबरा गया है।
इसीलिए उसने दो दिनों तक यहीं रुककर आराम करने का फैसला किया है।
समुद्र का किनारा-
सुबह की ठंडी और ताजी हवा-
इस वातावरण में जॉगिंग करना, शरीर को फिट रखने के लिए सबसे अच्छा व्यायाम है।
कम से कम- आई० जी० राजन तो शरीर को ऐसे ही फिट रखते हैं।
लेकिन-
आह!
कभी-कभी यह व्यायाम घातक भी सिद्ध हो सकता है।
अदृश्य किरणें बाडीगार्डों को दिखाई नहीं पड़ीं।
सर! क्या हुआ आपको?
शायद दिल का दौरा पड़ा है!
लेकिन अगले ही पल- बॉडीगार्डों की गलतफहमी दूर हो गई।

आहा! आ जा आ जा! यह एक वीर की आत्मा है!
बी प्लस क्वालिटी की!
लेकिन... लेकिन...
... यह खिंच तो रही है!
लेकिन उसके शरीर से अलग नहीं हो पा रही है!
पर क्यों?
इनकी "हेलोजन ट्यूब" घटियास्तर की है!
यह इतनी दूर से आत्मा को नहीं खींच पा रही है।
मुझे इस आत्मा को छोड़ना पड़ेगा!
आई॰ जी॰ राजन की आत्मा, शरीर में वापस जा घुसी।
और इस असफलता पर चिड़चिड़ा उठा वह रहस्यमय प्राणी।
हद हो गई! अब तक मैं एक भी आत्मा को कैद नहीं कर पाया!
ऐसे तो मैं बरबाद हो जाऊंगा!
अब मेरे पोर्टेबल यंत्र की क्षमता सीमित हो गई है।
यह आत्मा को कैद तो कर सकता है, पर दूर से खींच नहीं सकता!
इसलिए अब यह काम दो चरणों में पूरा करना होगा।
पहला आत्मा को शरीर से अलग करना, और दूसरा उसे कैद करना!
अब ऐसे मनुष्यों को ढूंढ़ना होगा...
... जो आत्माओं को शरीर से अलग करने का काम करते हैं!

जैसे- किलर लीग -
हम जिंदगी में पहली बार असफल हुए हैं!
और वह भी एक छोकरे के कारण!
मैं सुपर कमांडो ध्रुव को जिन्दा नहीं छोडूंगा।
कड़ाक क
यह काम तो हम कभी भी कर सकते हैं, मास्टर!
फिलहाल तो पन्द्रह लाख का इंतजाम करना है!
हमको चाहिए पैसे! और पैसे रहते हैं बैंक में!
बैंक लूटना कैसा रहेगा मास्टर?
"किलर लीग" बैंक लूटने जैसे घटिया काम नहीं करती, पास्को!
तो फिर मास्टर...
मास्टर!
घ ड़ ड़ ड़
जमीन हिल रही है!
भूकम्प आ रहा है!
आने वाला अगर भूकम्प नहीं, तो उससे कम भी नहीं था -
धड़ाक

एक रहस्यपूर्ण आकृति 'किलरलीग' के सामने खड़ी हो गई।

ओह! तुम्हारा फर्श टूट गया!

मैं इसको ठीक कर देता हूं।

क... कौन हो तुम? हम...हमसे क्या चाहते हो?

घबराओ मत!

मैं तुम्हारा दुश्मन नहीं हूं!

मुझे तुम्हारी मदद की जरूरत है, और तुम को मेरी!

दूसरी तरफ-

बदन से बाहर निकलता साया? तुमने कहीं... तुमने गलत तो नहीं देख लिया?

नहीं सर! वैसे आप आई० जी० साहब का एक बार मेडिकल चेकअप करवा लीजिए।

कल रात को उसी स्थान के पास से तीन लाशें भी बरामद हुई हैं। दो लाशें "किलर लीग" के हत्यारों की थीं।...

..और एक लाश शायद उनके किसी शिकार की।

किलर लीग!

यह नाम बार-बार, उभर कर सामने क्यों आ रहा है?

उनका, आखिर इन रहस्यमय सायों से क्या संबंध है?

उसी शाम एक पार्क में-
ओह ! सर्दियों में शाम कब हो जाती है, पता ही नहीं चलता !
भौं भौं वौं ऊ ऊ
कल से जल्दी...
शेरी ! क्या हुआ ?
परछाइयों में से निकल कर एक भयावह आकृति ने रास्ता रोक लिया ।
तुम भांतिया हो न? प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन !
ह...हां ! पर तुम कौन हो?
क्या चाहिए तुमको ?
तुम्हारी जान !
शेरी ! अटैक !
वौं ऊ
खतरनाक डोबरमैन कुतिया दुश्मन की तरफ लपकी ।
लेकिन दो हाथों ने बीच हवा में ही उसकी गर्दन मरोड़ दी ।
कड़क
डॉक्टर भांतिया खतरा भांप कर जान बचाने को भागे ।

लेकिन-
सांय
बचा नहीं सके-
खच
उस रहस्यमय साए ने पहली आत्मा कैद कर ली थी।
और उसी रात-
तड़ तड़ तड़
तड़.तड़.
उसने दो आत्माएं और इकट्ठी कीं।

अगली सुबह- राजनगर में सनसनी फैली हुई थी-
एक रात में तीन हत्याएं!
और वे भी सभी नामी आदमियों की! उस वक्त गश्ती पुलिस क्या कर रही थी?
गृह मंत्री
हमारी गश्त में कोई कमी नहीं है, सर!
लेकिन पुलिस भी हर समय, हर जगह पर कैसे मौजूद रह सकती है?
मामले की तहकीकात चल रही है!
जल्दी ही हमको कातिलों का कोई न कोई सुराग जरूर मिलेगा!
और दूसरी तरफ-
यह रही तुम्हारी फीस, मास्टर!
हीरा!
कोहिनूर हीरे से भी बड़ा!
यह तो करोड़ों का होगा!
ऐसे हीरे तुमको रोज मिल सकते हैं, बस मेरे हिसाब से काम करते जाओ!
तुम आखिर हो क्या? चेहरा तक नहीं दिखाते! सिर्फ इतना बताया...
...कि यह तुम बताओगे कि हमको किसकी हत्या करनी है, और हर हत्या के वक्त तुम घटनास्थल पर मौजूद रहोगे।
इन हत्याओं से आखिर तुम्हारा क्या फायदा होगा?
तुम्हारा फायदा तो है न? तुम सिर्फ काम करते जाओ।
ठीक है! अभी पुलिस सतर्क होगी!
हत्याओं का दूसरा दौर...
...दो दिनों बाद होगा!

नहीं! मैं नहीं रुक सकता! दूसरा दौर आज रात को ही होगा!

यहां पर हुक्म सिर्फ मेरा चलता है! काम दो दिन बाद...

आज!

धड़ाक

ईयायायाऊऊ! ठीक है... ठीक है! आज रात को!

और उस रात — मौत एक बार फिर राजनगर की सड़कों पर निकल पड़ी।

निशाना कौन होगा—

GYMNASIUM

यह कोई नहीं जानता था—

सिवा उस रहस्यमय साए के—

GYMNASIUM

वेट लिफ्टिंग चैंपियन वेंकट रामन!

क... कौन हो तुम?

कड़ाक

ब्लैक डेथ!

यानि तेरी मौत!

वेंकट की शक्तिशाली भुजाओं का फेंका हुआ वजन —
— बीच में ही थाम लिया गया —
और —
अपनी मौत को दर्दनाक क्यों बनाना चाहता है, चैंपियन!
हम तो तुम्हें आसान मौत देना चाहते हैं।
दो नालें वेंकट की तरफ तन गईं।
लेकिन ट्रिगर नहीं दब सका —
छनाक
तड़ाक!
धाड़
किलर लीग के हत्यारो!
आज के बाद तुम इस लायक नहीं रहोगे कि किसी की जान ले सको!
सुपर कमांडो ध्रुव!
तुम यहां पर कैसे?
डा० भांतिया की कुतिया शेरी ने मरते समय मुझे तुम्हारा हुलिया बता दिया था!

और आज सुबह से ही मेरे जासूसों की टुकड़ियां तुम्हारी तलाश में जुट गई थीं!
जासूसों की टोली?
हां, मिस्टर ब्लैक डेथ! इस शहर की हर चिड़िया और गलियों का हर कुत्ता आज सिर्फ तुम्हारी तलाश कर रहा था!
वेंकट मौका भांप कर बाहर की तरफ लपका—
तड़ाक
लेकिन भाग नहीं पाया—
अब ध्रुव की बारी थी।
और पहली लड़ाई खत्म होने में—
खटाक
सिर्फ दो सेकेण्ड लगे—
भड़ाक

अब ध्रुव, ब्लैक डेथ की तरफ पलटा, लेकिन—
धमाक
अरे! यह तो हिला तक नहीं!
हा हा हा हा!
तुम जितने चाहो, उतने वार कर लो, कमांडो!
धाड़
उसके बाद...
तड़ाक!
...मैं सिर्फ एक वार करूंगा!
टिशू
आऊ!
लगता है कि होली फील्ड का घूंसा आकर टकराया है!
इसका दूसरा घूंसा मुझे उठने लायक नहीं छोड़ेगा!
सांय
इसीलिए सबसे पहले लड़ने के लिए...

जगह बनानी पड़ेगी !
झनाक
और उसके बाद...
आऊ!
अपने वारों की शक्तियों को बढ़ाना पड़ेगा!
धड़ाक
इस बार ब्लैक डेथ संभल नहीं सका—
ध्रुव का शरीर, तोप के गोले की तरह ब्लैक डेथ से टकराया।
धड़ाक

और अबकी बार ध्रुव के दो वारों ने ही ब्लैक डेथ की सारी ताकत निचोड़ ली।
तड़ाक
आऊऊऊsss!
यह सारा दृश्य बड़े ध्यान से देखा जा रहा था–
यह लड़का तो वही है, जो उस डांसर सिंगर के साथ भी था!
लेकिन इसमें तो बुद्धि और शक्ति का अद्भुत मिश्रण है!
यह इस मिशन को कामयाब नहीं होने देगा!
बता! किलर लीग का अड्डा कहां पर है? बता! वर्ना...
... वर्ना क्या? तुम मुझे डरा नहीं सकते! मुझे मालूम है कि तुमने किसी की जान कभी नहीं ली!
सही है! लेकिन हत्यारों पर मैंने कभी दया भी नहीं की!
यह चिड़िया मेरे इशारे पर, तुम्हारी खोपड़ी पर बैठी है!
और मेरे दूसरे इशारे पर...
टक
... यह तुम्हारी आंखें निकाल लेगी!

आऊं!
इसे रोको। मैं बताता हूं। बताता हूं!
बोल!
लेकिन कुछ बोल पाने से पहले ही—
एक गोली, ब्लैक डेथ का सिर छेद गई।
धांय
और ध्रुव दूर जाती कार की टेल लाइटों के अलावा और कुछ नहीं देख पाया।
ओह! यानि वे दोनों मास्क वाले हत्यारे होश में आ चुके थे!
दोस्त! उस कार का पीछा करो!
लेकिन पीछा ज्यादा दूर तक जारी नहीं रह पाया—
सर्र्क
अरे! यह तो वैसी ही किरण है, जैसी किरण से टोनी चोर ने मुझ पर वार किया था!
तो क्या इसी कार में टोनी का वह रहस्यमय सहयोगी मौजूद है?
और वह "किलरलीग" के हत्यारों के साथ भाग गया है!
यानि इस सारे खुराफात की जड़ 'किलरलीग' है।
और वहीं से मुझे सारे जवाब मिल सकते हैं।
पर अब किलरलीग का पता मुझे बताएगा कौन?
इनसे पहली बार मेरी मुलाकात सायकल सैक्सन के अपहरण के दौरान ही हुई है!
लेकिन ये हत्यारे सुरक्षा का घेरा तोड़कर सैक्सन तक पहुंचे कैसे?

जरूर "किलरलीग" को, किसी ने सुरक्षा व्यवस्था की सारी कमजोरियां बताई होंगी!
और वह सिर्फ एक आदमी ही हो सकता है!
और फिर-"किलरलीग" के अड्डे पर-
मैंने तुमसे पहले ही कहा था कि आज रात निकलना खतरनाक हो सकता है। लेकिन तुम नहीं माने!
और मुझे अपने सबसे खतरनाक कातिल "ब्लैक डेथ" से भी हाथ धोना पड़ गया!
और वह भी...उस शैतान सुपर कमांडो ध्रुव के कारण!
तुमने "ब्लैक डेथ" के बजाय उस पर गोली क्यों नहीं चलाई, उल्लू के पट्ठो!
उस पर आज तक कई अपराधी हजारों गोलियां चला चुके हैं, मास्टर!
लेकिन आज तक कोई गोली उसको खत्म नहीं कर पाई। इसीलिए हमने यह रिस्क नहीं लिया।
इस निकम्मेपन की किलरलीग के पास एक ही सजा है...
मौत!
जिस गोली से तुम ध्रुव का खात्मा नहीं कर पाए।
उस गोली से अब तुम लोगों को खुद अपना खात्मा करना...
मास्टर...
"जेड" आया है!
यह "जेड" कौन है?
तुम्हारी ही तरह का एक ग्राहक!
तब तो मुझे छिप जाना चाहिए!
मैं उसके सामने आना नहीं चाहता!

वेलकम मिस्टर जेड!
पैसे का इंतजाम हुआ या नहीं, मास्टर!
अगर तुम्हारे पास छुट्टे पैसे हैं, तो समझो कि हो गया!
छुट्टे पैसे? यानि चेंज! पर क्यों?
क्योंकि यह हीरा पांच करोड़ का है!
चार करोड़, पचासी लाख देकर यह हीरा ले जाओ!
चार करोड़ पचासी लाख तो मैं तुमको दूंगा, किलर लीग!
हैं!
कौन?
लेकिन पैसे नहीं...
इतने सालों की जेल!
सुपर कमांडो ध्रुव! तुम... तुम यहां तक कैसे पहुंच गए?
इस दोगले का पीछा करते-करते, मास्टर!
सायकल सैक्सन की सुरक्षा व्यवस्था में कमियों को गिने-चुने आदमी ही जानते थे।
और उनमें से एक आदमी यह था...
सायकल सैक्सन का मैनेजर!
इसीलिए यह किलर लीग को फिरौती के बीस करोड़ देने लिए इतना बेताब था।

वाह! तुम्हारी बुद्धि के बारे में जैसा सुना था वैसा ही पाया!
लेकिन तुम यहां पर क्या करने आए हो? मैनेजर को पकड़ने?
सिर्फ मैनेजर को ही नहीं, तुम सबको पकड़कर कानून के हवाले करने!
चटाक!
तुम्हारा साहस बयान करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं!
मौत के मुंह में खड़े होकर, किलर लीग को पकड़ने की बात कर रहे हो!
मौत के मुंह में कौन खड़ा है, यह तो समय ही बताएगा!
तेरा खून पीने को तो मैं भी बेताब हूं, और तुझ पर तनी दर्जनों बंदूकें भी!
लेकिन तेरे जैसे बहादुर को मैं कुत्ते की मौत नहीं मारना चाहता!
उधर देख!
यह "लॉयन है! "किलर लीग" के रीढ़ की हड्डी!
मार्शल आर्ट की हर कला का उस्ताद!
अगर तुम अपनी गर्दन को इसके हाथों से टूटने से बचा सके...
... तो हम अपने आपको तुम्हारे हवाले कर देंगे!
दो शेरों ने, आंखों ही आंखों में एक दूसरे को तौला—
मुझे सावधान रहना होगा! इसका हल्का सा वार भी मुझे अपंग कर सकता है!
यह साधारण लड़का नहीं है...
... यह मार्शल आर्ट के अलावा और भी कई दांव-पेंच जानता है!

कक्ष, अखाड़े के रिंग में बदल गया–

और मुकाबला शुरू हो गया–

सांय

जिसमें जीतने का मतलब तो शायद कुछ ही नहीं था –

लेकिन हारने का मतलब था मौत।

तड़ाक

कुछ सोचने का समय नहीं था–

समय था तो सिर्फ प्रति द्वंदी के वार बचाने का–

तड़ाक

और पलट कर वार करने का–
धाड़
कुछ मिनटों की लड़ाई में ही, दोनों पसीने-पसीने हो चुके थे–
ताड़
सांसें फूल चुकी थीं।
लेकिन इस मुकाबले का अंत कहीं नजर नहीं आ रहा था–
चटाक

वह रहस्यमय आकृति आश्चर्य चकित थी।
यह लड़का ध्रुव, विलक्षण है!
इसने तीसरी बार मेरा रास्ता काटा है!
तड़.
मुझे इसकी आत्मा की क्वालिटी चेक करनी चाहिए।
लेकिन क्वालिटी चेक करने वाले यंत्र पर नजर पड़ते ही, उस आकृति का सिर घूम गया।
ध्रुव
य... यह क्या? इसकी सुई तो घूम कर दूसरे छोर पर जा पहुंची है! और अभी भी और घूमना चाहती है।
ऐसी आत्मा को तो मैंने कभी नहीं देखा!
मुझे इसकी आत्मा को हासिल करना ही होगा! यह बेशकीमती आत्मा है!
इसके बाद मुझे आत्माएं चुराने की जरूरत कभी नहीं पड़ेगी।
इस समय मैं इसके काफी पास खड़ा हूं।
एक झटके में ही इसकी आत्मा मेरे यंत्र के अन्दर होगी।
इसी दौरान- कोई और भी कुछ सोच रहा था।
ध्रुव का सारा ध्यान लॉयन पर है। अपनी गलती को सुधारने का यही एक मौका है!
ध्रुव की खोपड़ी उड़ते देखकर, मास्टर शायद हमें माफ कर दे!
धमाका, ध्रुव के कान तक पहले पहुंचा-
और गोली, एक सेकेण्ड के सौंवे हिस्से के बाद-
ध्रुव के पास बचने के लिए एक सेकेण्ड का वही सौंवा हिस्सा था-
और वह बच गया।
धांय
आईयायाया
लेकिन गोली बेकार नहीं गई।
उसने लॉयन का कंधा, रगड़ कर निकलते हुए-

–उस रहस्यमय आकृति के यंत्र के चिथड़े उड़ा दिए।
तड़ाक
यह क्या? मेरा यंत्र टुकड़े-टुकड़े हो गया?
अब मैं इस अनमोल आत्मा को कैसे कैद करूंगा?
लॉयन को कराह कर, गिरते देखकर मास्टर का खून खौल गया।
खच
और गोली चलाने वाले की गर्दन में एक खंजर आ धंसा।
क्रुद्ध मास्टर चीख उठा–
हड्डियां तोड़ दो इस लड़के की।
उनका चूरा बना इसके खून में मिला दो!
गोलियां चलाना खतरनाक हो सकता था।
क्योंकि गोलियां खुद हत्यारों को लगने की संभावना ज्यादा थी।
रास्ता एक ही था–
घूंसे मार-मार कर ध्रुव की जान निकाल देना–

ध्रुव ने मुकाबला करने की कोशिश तो जरूर की –
लेकिन लॉयन से हुई लड़ाई ने उसकी आधी ताकत को चूस लिया था!
धमाक
ताड़.
और किलर लीग के हत्यारों की तादाद काफी ज्यादा थी।
यह क्या?
ऐसे तो ये इसकी आत्मा को यहीं बाहर निकाल देंगे।
लेकिन अभी मैं इसकी आत्मा को कैद नहीं कर पाऊंगा!
क्योंकि इन मूर्खों ने मेरा यंत्र तोड़ दिया है!
वैसे भी इन हत्यारों की उपयोगिता खत्म हो चुकी है।
मुझे इस लड़के को खींचकर अपने मुख्य यंत्र के पास ले जाना होगा!
और उसके लिए मुझे इसकी आत्मा को बचाना होगा।
क्या हुआ, यह तो कोई नहीं जान पाया!

लेकिन पलभर के अन्दर सारे हत्यारे मर चुके थे !
यह क्या ? इनको एकाएक यह क्या हो गया ?
इससे पहले कि ध्रुव आगे कुछ सोच पाता -
दरवाजा टूटने की आवाज उसके कानों से आ टकराई -
कड़ंग
धड़ंक
कोई दरवाजा तोड़कर भाग रहा है !
किलर लीग के सारे हत्यारे तो खत्म हो चुके हैं !
यह सिर्फ एक ही आदमी हो सकता है !
टोनी चोर का साथी !
लेकिन मैं भी इसका पीछा पाताल तक नहीं छोड़ूंगा !
यह "गोनी बीच" जाने वाली सड़क पर भाग रहा है !
"गोनीबीच !
जहां से टोनी की लाश मिली...
और जहां पर पापा के साथ वह रहस्यमय हादसा हुआ !
यानि वहीं पर सारे रहस्य छिपे हुए हैं।

थोड़ी देर बाद–
वह रहा! लेकिन यह वहां पर रुका क्यों हुआ है?
क्या यह पकड़े जाने का इंतजार कर रहा है?
इसने मुझे देख लिया है!
अब इसको खींचकर आगे ले चलना होगा!
ध्रुव के देखते-देखते वह रहस्यमय आकृति समुद्र में गोता लगा गई।
छपाक
अरे! अगर इसको भागना ही था तो, यह यहां पर खड़ा होकर मेरा इंतजार क्यों कर रहा था?
यह जरूर मुझे अपने पीछे खींचकर वहां पर ले जाना चाहता है...
जहां पर इसने मेरे लिए कोई जाल बिछा कर रखा हुआ है!
मुझे अपने लिए कुछ मदद का इंतजाम करके जाना होगा!
और पांच मिनट बाद– ध्रुव उस प्राणी की तलाश में, समुद्र की गहराईयों को छान रहा था–
अगर मेरा ख्याल सही है, तो मुझे उस व्यक्ति को ढूंढने की कोई जरूरत नहीं है!
वह खुद ही मुझे ढूंढ लेगा!
यह गोला मुझे उस खंभे की तरफ खींचकर ले जा रहा है!
पर वह खंभा आखिर है क्या?

ओ माई गॉड! यह खंभा नहीं है!
यह तो एक रॉकेट है!
स्पेस शिप!
कुछ ही पलों में ध्रुव बेहोश हो चुका था!
लेकिन यह क्या? एकाएक मुझ पर बेहोशी क्यों छा रही है?
जरूर इस स्पेस शिप के ईंधन से समुद्र के इस क्षेत्र का पानी दूषित हो...
यह बेहोशी ज्यादा देर तक तो कायम नहीं रह पाई...
...लेकिन आंखें खोलने पर ध्रुव समझ नहीं पाया कि वह होश में आ चुका है...
...या अब तक सपना देख रहा है।
कौन हो तुम?
तुम्हारे जैसा बुद्धिमान प्राणी अब तक इतना तो समझ ही गया होगा...

...कि मैं इस ग्रह का प्राणी नहीं हूं।
वह तो मैं समझ सकता हूं! लेकिन तुमको हमारे ग्रह पर आने की जरूरत क्यों पड़ी?
तुम्हारी भाषा में कहूं तो...
बिजनेस के सिलसिले में!
बिजनेस!
हां! व्यापार! दरअसल में आत्माओं का व्यापारी हूं।
आत्मा! इसके बारे में सुना तो मैंने भी है!
लेकिन सिर्फ पुराने ग्रन्थों और पुराणों में!
इसका मतलब तुम्हारे ग्रह के प्राणी पहले ज्यादा बुद्धिमान थे, ध्रुव!
ये मशीन देख रहे हो? यह हर काम कर सकती है! लेकिन ऊर्जा के बगैर यह बेकार है!
ऊर्जा के बगैर कोई भी मशीन नहीं चल सकती!
शरीर भी एक मशीन की तरह है!
और आत्मा उसकी ऊर्जा है! शरीर की मशीन से आत्मा की ऊर्जा निकाल दो...
...तो तुम्हारे शरीर की मशीन बंद हो जाएगी।
ओह! तो वह साया जो मैंने देखा था, वह आत्मा ही थी।
और वह सब तुम्हारा किया-धरा था?
हां!
मैं आत्माओं का व्यापारी हूं!
आत्माएं ढूंढता हूं, उनको पकड़ता हूं, और फिर उनको ऊंचे दामों पर बेच देता हूं!
बेच देते हो? पर किसको?
हमारा विज्ञान कई मंजिलें पार कर चुका है! यहां तक कि हम शरीर का हर एक अंग बना सकते हैं!...
...पूरा शरीर बना सकते हैं!
लेकिन आत्मा नहीं बना सकते!

हमारे पास स्टोरों में कई बने हुए शरीर बेकार पड़े हुए हैं। क्योंकि हमारे पास आत्माओं की सख्त कमी है!
इसीलिए हम दूसरे ग्रहों पर जीवन की तलाश करते हैं! आत्माओं को कैद करने के लिए!
और जिन के पास शरीर बेकार पड़े हुए हैं, वे हम जैसे व्यापारियों से आत्माएं खरीदते हैं!
लेकिन आत्माएं तो तुम पशुओं की भी कैद कर सकते थे!
तुम आखिर मनुष्यों की आत्माओं के पीछे ही क्यों पड़े हो?
"आत्मा" एक ऊर्जा जरूर है ध्रुव! लेकिन उसकी भी अलग-अलग क्वालिटी होती है! पशुओं की आत्मा की क्वालिटी सबसे निचले स्तर की होती है!
इसीलिए हम उसको इस्तेमाल में नहीं ला सकते हैं!
मनुष्यों की आत्माएं भी कई दर्जे की होती हैं! जैसे टोनी के अन्दर एक घटिया किस्म की आत्मा थी!...
...एक चोर की आत्मा! इसीलिए मैंने उससे अपने मतलब की चीज मंगवा कर...
...उसकी आत्मा को कैद करने के बजाय आजाद कर दिया!
ओह! यानि टोनी के पास जो आश्चर्यजनक शक्तियां थीं, वे तुमने ही उसको दी थीं।
हां! हमारे विज्ञान के लिए, ये शक्तियां बच्चों का खेल हैं!
पर "किलर लीग" से तुम्हारा क्या संबंध है?
मेरे यंत्र की ताकत सीमित हो जाने के कारण मुझे उनका सहारा लेना पड़ा!
मेरा यंत्र दूर से आत्माओं को खींच नहीं पा रहा था!

इसीलिए वे आत्माओं को आजाद करते थे, और मैं उनको कैद करता था!

ओह! यानि इन हत्याओं में तुम भी बराबर के भागीदार हो!

हत्या? तुम्हारे ग्रह पर इसको हत्या कहते होंगे, ध्रुव!

हमारे ग्रह पर इसको व्यापार कहते हैं। आत्माओं का व्यापार।

आत्माओं का व्यापार नहीं, आत्माओं की चोरी कहो!

और तुम हो आत्माओं के चोर!

अब मुझे तुमसे सिर्फ यह जानना है कि तुम मुझे यहां पर किसलिए लाए हो?

क्या अपने बारे में बताने के लिए?

नहीं, ध्रुव! मैं तुमको अभी-अभी बता चुका हूं कि आत्माएं भी कई क्वालिटी की होती हैं! मिसाल के तौर पर...

यह आत्मा बी प्लस क्वालिटी की है! यह दूसरी आत्मा ए क्वालिटी की है!...

लेकिन अभी-अभी मैंने एक ऐसी आत्मा को चेक किया है...

जिसकी क्वालिटी मापने वाला यंत्र अभी हम भी नहीं बना पाए हैं!

और वह आत्मा...

तुम्हारी है, ध्रुव!

एक बेशकीमती आत्मा!

तुम्हारी आत्मा बेचने के बाद, मुझे जिंदगी भर फिर काम करने की जरूरत नहीं पड़ेगी!
इसकी शक्तियां असीमित हैं। मैं इसका मुकाबला नहीं कर सकता!
घबराओ मत! आत्मा इकट्ठी करने वाली यह मुख्य मशीन, तुम्हारी आत्मा को बिना दर्द के तुरन्त खींच लेगी! तुमको पता तक नहीं चलेगा!
ध्रुव ने पहले वार को बचाया-
फटाक
और-
ईयाधाऊ!
धाड़
मैं तुमको अच्छी तरह से जान चुका हूं, ध्रुव! इसी लिए मैंने अपनी सुरक्षा का पूरा इंतजाम करके रखा है!
मेरे सुरक्षा कवच के पार इस दुनिया की कोई भी चीज नहीं जा सकती।

और मुझे यह भी मालूम था, कि तुम इतनी आसानी से, अपनी आत्मा को मुझे नहीं सौंपोगे !
लेकिन मैं आज तक कभी असफल नहीं हुआ !
आज भी नहीं होऊंगा !
उस प्राणी की उंगली उस खतरनाक बटन की तरफ बढ़ी—
जिसके दबते ही ध्रुव की आत्मा, उसके शरीर से अलग हो जाती—
ईयायाऊऊ
लेकिन उसी पल ध्रुव के गले से एक चीख उबली—
पर यह चीख डर की नहीं थी—
यह चीख एक संकेत था !
यान की दीवारों से पार होकर आवाज के कंपन, समुद्र के पानी तक जा पहुंचे।
जहां पर उनको सुनने के लिए ध्रुव के मददगार मौजूद थे !
आवाज सुनते ही, डॉल्फिनों का झुंड, भीषण गति से रॉकेट की तरफ बढ़ा—

एक तेज टक्कर से स्पेस शिप मूंगे की चट्टानों पर जा गिरा—
इस उथल-पुथल का असर बाहर तो कम हुआ—
पर अन्दर ज्यादा—
अरे यह क्या? मेरे यंत्रों के अन्दर के सारे नाजुक पुर्जे और तार हिल जाएंगे!
उस प्राणी का डर सही था।
कई तार हिल गए थे।
और ध्रुव की कैद गायब हो रही थी!
अगर यह पिंजरा गायब हो रहा है, तो मैं शर्त लगाकर कह सकता हूं...
... कि इसका सुरक्षा कवच भी गायब हो गया होगा!
इससे पहले कि यह संभल पाए...
मुझे अपना काम पूरा कर लेना होगा!
धाड़.

वह प्राणी समझ ही नहीं पाया कि एकाएक यह क्या हो गया–

तड़ाक

और कुछ समझ पाने से पहले ही–

उसकी आत्मा खुद मशीन के अन्दर थी।

आSSSSई

अरे! यह क्या? मुझे बाहर निकालो!

वह नीला बटन दबाओ!

लेकिन ध्रुव, कैद आत्माओं को आजाद करने में व्यस्त था!

तुमको आजाद तो मैं कभी नहीं करूंगा!

तुम्हारे सामने अब दो ही रास्ते हैं!

या तो प्रलय तक यहीं सड़ते रहो...

...या अपने ग्रह वापस चले जाओ!

बोलो! क्या चाहते हो?

मुझे मेरे ग्रह पर वापस भेज दो!

ठीक है! अपने यान को "ऑटो पायलट" पर सेट करने का तरीका बताओ!

और शीघ्र ही–
भागो, दोस्तो!
कुछ ही पलों में यहां का पानी इतना गर्म हो जाएगा, कि तुम उसमें उबल जाओगे!
और कुछ ही पलों बाद–
एक धमाके के साथ यान हवा में उठा–
और पलक झपकते ही ओझल हो गया।
झर्र्र फिस्स्स्स
ओह! आखिरकार आत्मा के चोर से भी छुटकारा मिल गया, और किलर लीग से भी!
लेकिन छुटकारा इतना आसान नहीं था!
मांटे कार्लो में–
सुप्रीमा! इंडियन ब्रांच खत्म हो गया है!
रिपोर्टों के मुताबिक उनकी झड़प ध्रुव से हुई थी।
सुपर कमांडो ध्रुव!
दुनिया भर के अपराधियों का दुश्मन आज से हमारा दुश्मन बन गया है।
कभी न कभी वह हमसे टकराएगा जरूर!
और वह उसकी जिन्दगी का आखिरी पल होगा।
यह टक्कर कब होगी यह समय के अलावा कोई नहीं जानता।
हम भी नहीं!
समाप्त.